583
24/9/12

खण्ड : 2 संख्या : 18, 19

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(द्वितीय सत्र)

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

शनिवार, दिनांक : **21 जुलाई 1990 ई०**
बुधवार, दिनांक : **25 जुलाई 1990 ई०**

(2) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त डाक्टरों को कबतक स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, तथा बार-बार स्थानांतरण स्थगित करने का औचित्य क्या है?

(2) दिनांक 30.6.90 द्वारा सदर अस्पताल गिरिडीह में स्थानान्तरण कर दिया गया है।

(2) स्थिति ऊपर के कंडिका (1) में स्पष्ट कर दी गई है।

---

## डा० श्रीवास्तव का स्थानान्तरण

507. **श्री रवीन्द्र चरण यादव** : क्या मंत्री, स्वा० एवं प० क० विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

**श्री रघुनाथ झा** :

(1) क्या यह बात सही है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी के एक स्थान पर तीन वर्षों तक कार्यरत रहने का सरकारी प्रावधान है;

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) क्या यह बात सही है कि डा० (श्रीमती) मंजुवाला श्रीवास्तव, महिला चिकित्सा पदाधिकारी, प्रश्नोत्तर कार्यक्रम, पी० एम० सी० एच० में अप्रैल, 1977 से कार्यरत हैं;

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार डा॰ मंजुवाला श्रीवास्तव को अन्यत्र स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

(3) डा॰ (श्रीमती) मंजुवाला श्रीवास्तव प्रश्नोत्तर कार्यक्रम, पटना मेडिकल कालेज पटना में पदस्थापित हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत चिकित्सा पदा॰ को नई व्यवस्था के अनुरूप योग्यता एवं कार्य अनुभव के आधार उसी चिकित्सा महा-विद्यालय में पदस्थापित करने का निर्णय लिया गया है तदनुसार इन्हें भी संयुक्त निदेशक के रूप में पदस्थापित किया गया है। इनके स्थानान्तरण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

---

## राशि का भुगतान

509. श्री रामचन्द्र राय : क्या मंत्री स्वा॰ एवं प॰ क॰ यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

श्री रघुनाथ झा :

(1) यह बात सही है कि अराजपत्रित कर्मचारी के प्रथम कालबद्ध प्रोन्नति 10 वर्षों पर दी जाती है;

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन समस्तीपुर ने

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।